## संपादकीय

# बर्बरता की सोच

यह शर्मनाक ही है कि 21वीं सदी के भारत में दो बच्चों की सिर्फ इसीलिए पीट-पीटकर हत्या कर दी गई कि वे खुले में शौच कर रहे थे। निःसंदेह यह घटना किसी भी सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग की तरह है। दबंगों के जातीय उन्माद के शिकार इन बच्चों का कसूर सिर्फ इतना था कि उनकी झोपड़ी में शौचालय न होने के कारण वे सड़क के किनारे गये थे। इससे भी शर्मनाक यह है कि गांव के दबंगों ने इस दलित को शौचालय नहीं बनवाने दिया। बच्चे के पिता का तो यहां तक आरोप था कि शौचालय बनाने के लिये पंचायत में उसके नाम का पैसा भी आया था मगर उसे दिया नहीं गया। गांव के दबंग उसे गांव से बेदखल करने की साजिश कर रहे थे। बहरहाल, यह कुछ राहत की बात है कि प्रकरण के मीडिया में आने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मगर सवाल यह है कि इस सामंती सोच पर अंकुश कैसे लगे, जो मासूमों को लाठियों से मौत के घाट उतारने में भी नहीं हिचकती है। इस क्रूर सोच का शिकार बने दलितों पर अत्याचार की पहली घटना नहीं है, गाहे-बगाहे देश के कोने-कोने से ऐसे अमानवीय कृत्यों की खबरें आती रहती हैं। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के भावखेड़ी गांव की यह घटना विचलित करती है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दम भरने वाले समाज में कुछ लोग इनसान कहलाये जाने लायक भी नहीं हैं। उनमें इतनी मानवीय संवेदना बाकी नहीं रही कि जिस गरीब व्यक्ति के पास अपना पक्का घर तक नहीं है वह कैसे झोपड़ी में शौचालय बना लेगा। दैनिक कार्य से निवृत्ति हर व्यक्ति की अनिवार्यता है, मजबूरीवश खुले में शौच कर रहे व्यक्ति पर हमला करना मानवता के विरुद्ध अक्षम्य अपराध है। जो सदियों से चले आ रहे जातीय दुराग्रह की ग्रंथि से पीड़ित होने का पर्याय भी है।

सवाल यह भी है कि किसी व्यक्ति में कैसे ऐसी निष्ठुरता आ सकती है कि वह मासूमों को लाठियों से मौत के घाट उतार दे। निश्चय ही जब कोई व्यक्ति इस आपराधिक कृत्य को अंजाम देता है तो उसके मन-मस्तिष्क में कहीं न कहीं कुछ दुराग्रह काम कर रहे होते हैं, जो अमानवीय कृत्य को उसके लिये तार्किक ठहराते हैं। दरअसल, शिक्षा के प्रसार और समाज में प्रगतिशील विचारधारा के विस्तार से भारतीय शहरों में जात-पात की बेड़ियां दरकने लगी हैं, मगर दकियानूसी सोच वालों की ग्रामीण समाज में पैठ बनी हुई है। यही वजह है कि ऐसे अमानवीय कृत्य ग्रामीण समाज में ही ज्यादा उभरते हैं, ज्ञान-विवेक की रोशनी के रास्ते में कई तरह की बाधाएं खड़ी हुई हैं। एक दिक्कत यह भी है कि राजनीतिक लोकप्रियता के लिये चलाये जाने वाले स्वच्छता मिशन की विसंगतियों व उसके व्यावहारिक पहलुओं पर विचार नहीं किया जाता। सदियों से जारी खुले में शौच की परंपरा का खत्म होना सभ्य समाज के नजरिये से सही कहा जा सकता है, मगर जिस आदमी की हैसियत घर बनाने की नहीं है, वह कहां से घर में शौचालय बनवा लेगा? निःसंदेह खुले में शौच करना अनुचित है, मगर वह ऐसा अपराध?भी नहीं है कि उसके लिये किसी की हत्या को जायज ठहरा दिया जाये।


# स्पाइस जेट के दो पायलटों का उड़ान लाइसेंस चार माह के लिए निलंबित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विमानन क्षेत्र नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइस जेट के दो पायलटों के उड़ान भरने पर चार महीने की रोक लगा दी है। जून में हैदराबाद-जयपुर के लिए उड़ान भरते (टेक ऑफ) समय पायलट और चालक दल की कोताही से विमान के भीतर हवा का दबाव सही नहीं रह सका, इसलिए उन पर यह रोक लगायी गयी है। नियामक के अनुसार चालक दल (क्रू) की लापरवाही से विमान और यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाला गया। इस लापरवाही से 14 जून 2019 को स्पाइस जेट के बोइंग-737 800 विमान में हवा का दबाव कम हो गया। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि विमान को उड़ान भरने से पहले विमान को तैयार करते वक्त चालक दल 'ब्लीड स्विच' को चालू करना भूल गया। इसके चलते टेक ऑफ के समय विमान के भीतर दबाव कम हो गया। आमतौर पर ब्लीड स्विच का इस्तेमाल विमान के भीतर हवा का दबाव सही बनाए रखने के लिए किया जाता है। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन सुनील मेहता और उनके सह-पायलट कैप्टन विक्रम सिंह पर घटना की तिथि से चार महीने के लिए उड़ान भरने पर रोक लगायी गयी है। नियामक के 27 सितंबर के आदेश के अनुसार जांच में पाया गया कि उड़ान भरने से पहले की आखिरी जांच के बाद सिंह ने कहा कि ब्लीड स्विच चालू है लेकिन वह बंद ही रहा। इस पर स्पाइस जेट से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।



# चार अक्टूबर को ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है आरबीआई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में आर्थिक गतिविधियों और मुद्रास्फीति में नरम रुख रहने के बीच भारतीय रिजर्व बैंक चार अक्टूबर को अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर को और घटा सकता है। वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन साक्स ने सोमवार को जारी अपनी एक रपट में यह अनुमान जताया है। रपट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक अक्टूबर और दिसंबर दोनों समय अपनी समीक्षा में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। गोल्डमैन साक्स ने अपनी एक रपट में कहा, ''आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती रहने, मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में कमजोर रहने के बीच दुनियाभर के केंद्रीय बैंक नरम रुख अपना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि चार अक्टूबर को रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर घटा सकता है। इसके बाद उसके दिसंबर में भी ब्याज दर घटाने का अनुमान है।'' वर्ष 2019 में केंद्रीय बैंक ने अपनी चारों मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर को घटाया है। बैंक की आगामी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा चार अक्टूबर को पेश की जानी है।



# विस्तारा की दिल्ली-पटना के बीच सीधी उड़ान सेवा तीन नवंबर से

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयरलाइंन कंपनी विस्तारा तीन नवंबर से दिल्ली से पटना के बीच रोजाना सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। कंपनी ने विज्ञप्ति में कहा कि एयरलाइंन पांच नवंबर से वाराणसी और खजुराहो के बीच दैनिक उड़ान भी शुरू करने की जा रही है। विस्तारा ने कहा, दिल्ली-पटना उड़ान के इकोनॉमी क्लास का एकतरफ का शुरुआती किराया 3,099 रुपये और वाराणसी - खुजराहो का किराया 3,686 रुपये से शुरू होगा। एयरलाइन के मुख्य रणनीति अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा, विस्तारा का इन शहरों में विस्तार से हमें अपना ग्राहक आधार बढ़ाने में मदद मिलेगी।



# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे चीन के उप-प्रधानमंत्री

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन के उप - प्रधानमंत्री और शीर्ष व्यापार वार्ताकार लियू ही 13 वें दौर की व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जा रहे प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। चीन के वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। व्यापार वार्ता का उद्देश्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चले आ रहे व्यापार युद्ध को सुलझाना है , जो कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए खतरा है। चीन के उप वाणिज्य मंत्री वांग शाउवेन ने कहा कि उप - प्रधानमंत्री व्यापार मोर्चे पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए वॉशिंगटन जाएंगे। हालांकि , उन्होंने व्यापार वार्ता की तारीख की जानकारी नहीं दी है लेकिन यह कहा है कि बातचीत चीन के राष्ट्रीय दिवस अवकाश के बाद होगी। वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा , दोनों पक्षों को आपसी सम्मान , बराबरी तथा द्विपक्षीय लाभ के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालना चाहिये। अमेरिका के चीन से आयातित उत्पादों पर शुल्क लगाने के बाद से दोनों देश पिछले साल से व्यापार युद्ध से जूझ रहे हैं।



# चालू वित्त वर्ष में भारत की वास्तविक वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रहेगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वास्तविक वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रहेगी। इकनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) ने यह अनुमान लगाया है। ईआईयू ने कहा कि कारोबारी भरोसा डगमगाने, कमजोर मांग और वित्तीय क्षेत्र को लेकर चिंता से निवेश प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जीडीपी की वृद्धि दर कहीं निचले स्तर पर रहेगी। ईआईयू ने कहा कि दूसरी तिमाही में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर गिरकर पांच प्रतिशत रहेगी जो इसका छह साल का निचला स्तर है।

तीसरी तिमाही के आंकड़ों में भी सुधार का मामूली संकेत ही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय संख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर घटकर पांच प्रतिशत के छह साल के निचले स्तर पर आ गई है। वैश्विक स्तर पर खराब होते माहौल के बीच उपभोक्ता मांग में गिरावट और निजी निवेश में कमी की वजह से पहली तिमाही की वृद्धि दर का आंकड़ा कमजोर रहा है।

# कर्ज देने वाली दो इकाइयों को दिसंबर तक बंद करेगी रिलायंस कैपिटल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संकट में फंसी अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस कैपिटल समूह ने ऋण देने वाली अपनी दो इकाइयों को दिसंबर तक बंद करने का फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिलायंस कैपिटल बीमा और म्युचुअल फंड आदि का भी कारोबार करता है। रिलायंस कैपिटल की इन दो इकाइयों रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस की कुल संपत्ति 25,000 करोड़ रुपये से अधिक है। यह दूसरा कारोबार है , जिससे अनिल अंबानी की अगुवाई वाला समूह किनारा कर रहा है। दो साल पहले समूह ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को बंद कर दिया था और अब यह कंपनी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही है। समूह की रक्षा विनिर्माण कंपनी रिलायंस नेवल भी वित्तीय संकट का सामना कर रही है। अंबानी ने सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को बताया , कारोबार में बदलाव के हिस्से के रूप में , रिलायंस कैपिटल ने कर्ज देने के कारोबार से बाहर निकलने का फैसला किया है। हमारी दोनों कर्ज देने वाली इकाइयां रिलायंस कॉमर्शियल और रिलायंस होम फाइनेंस निण समाधान योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए सभी ऋणदाताओं और अन्य हितधारकों के साथ काम कर रही हैं। समाधान योजना के दिसंबर अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।




## आज का राशिफल

मेषः- आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा।

वृषभः- आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी।

मिथुनः- यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा और हानि होगी।

कर्कः- यदि आपकी प्रोन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी, इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाकपटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

सिंहः- यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा।

कन्याः- आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई और सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा।

तुलाः- आज काफी सोच विचार कर काम करने के बाद भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के कामों से दूर रहें।

वृश्चिकः- आज किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना रहेगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे।

धनुः- आज का दिन गुरु के प्रति निष्ठा एवं भक्ति भाव पूर्ण रहेगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि विवेक नए-नए खोज करने में लगेगी, रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

मकरः- आज आपमें शारीरिक शक्ति एवं उत्साह अधिक रहेगा किंतु ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आ सकते हैं, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभः- आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी।

मीनः- आज आप स्वास्थ्य की तरफ से परेशान रहेंगे। पाचन क्रिया मंद एवं पेट में वायु विकार संबंधित कष्ट हो सकता है।

# सिंगापुर ने आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ हासिल की जीत

**सिंगापुर ।** सिंगापुर ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को चार रनों से मात दे इतिहास रच दिया। यह सिंगापुर की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत है।

इंडियन एसोसिएशन ग्राउंड पर खेले गए इस मैच को बारिश के कारण 18 ओवर प्रति पारी कर दिया गया था। मेजबान सिंगापुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए थे। इस लक्ष्य का उसने अच्छे से बचाव किया और ऐतिहासिक जीत हासिल की।



सिंगापुर के विकेट लगातार अंतराल पर गिर रहे थे लेकिन टिम डेविड और मनप्रीत सिंह के 41-41 रनों के दम पर टीम ने संघर्षपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे के लिवए रयान बर्ल ने तीन विकेट लिए।

जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 14 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 142 रन बना चुकी थी। यहां तक सीन विलियम्स ने 35 गेंदों पर 66 रन बना लिए थे। उनसे पहले रेगिस चाकाब्वा 19 गेंदों पर 48 रन बनाए थे। टिनोटेंडा मुटुम्बोडजी (32) ने भी टीम को जीत की राह पर बनाए रखा था, लेकिन 142 के कुल स्कोर पर टिनोटेंडा आउट हो गए और दो ओवर कप्तान विलियम्स पवेलियन लौट लिए।

यहां से फिर जिम्बाब्वे जरूरी रनों के पास तक नहीं पहुंच पाई और 18 ओवरों में सात विकेट खोकर 177 रन ही बना सकी और चार रनों से मैच हार गई।

## विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (100 मीटर) : फ्रेसर-प्राइस ने जीता खिताब

**दोहा।** जमैका की फर्राटा धाविक शैली एन फ्रेसर प्राइस ने यहां जारी विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर रेस अपने नाम कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह उनका इस वर्ग में चौथा विश्व खिताब है। उन्होंने रविवार देर रात खेली गई इस स्पर्धा में 10.71 सेकेंड का समय निकाला। उन्होंने अपना पहला खिताब 10 साल पहले जीता था। यह उनका कुल 12वां खिताब है।

# मूँग दाल की नमकीन बनाने की विधि



### आवश्यक सामग्रीः

मुंग दाल 150 ग्राम, तेल तलने के लिए, नमक स्वाद अनुशार

### बनाने की विधिः

1. यहाँ पे मैंने मूंग दाल को रात में या 4-5 घंटे फूलने के लिए डाल दिया दे। 2. यहाँ पे आप देख सकते है की हमारी मूंग डाल अच्छे से फूल गयी है। 3. अब हमें उसे किसी किचेन टॉवल पे छान लेंगे और उसका अच्छे से पानी पूछ लेंगे। 4. फिर उसे फैला कर थोड़ी देर पंखे के निचे रख दे ताकि उसमे जरा सा भी पानी न रहे। अगर आपके पास स्टील की छननी नहीं है तो आप यहाँ से खरीद सकते है 5. और अब हम गैस पे तेल रख देंगे और चाय छानने वाली छननी में थोड़ा सा डाल ले लेंगे। 6. अब आप उसे मध्यम आंच पे चम्मच से चलते हुए उसे फ्राई करे। 7. थोड़ी देर बाद आप देखेंगे की हमारी मूंग फ्राई होकर हल्का लाल दिखने लगी है। 8. फिर उसे टिस्सु पेपर पे निकल ले। ताकि जो भी एक्स्ट्रा तेल है वो निकल जाये।और ऐसे ही सारे मूंग को छान ले। और उसे थोड़ी देर तक टिस्सु पेपर पे ही रहने दे। 9. यहाँ पे आप देख सकते है की हमारी मूंग डाल से लगभग सारा तेल निकल गयी है। 10. फिर उसे किसी कटोरे में निकाल ले और उसमे थोड़ा सा नमक डालकर मिला दे। और यहाँ पे हमारी मूंग दाल बनकर बिलकुल तैयार हो गयी है। इसे आप चाहे तो 10-15 दिनों तक एअर कंटेनर में स्टोर करके रख सकते है और खा सकते है।


## शब्द सामर्थ्य- 02

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 01 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 02

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.01 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |